प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस द्वारा बैंक चेकिंग कर आम-जनमानस को दिलाया सुरक्षा का एहसास-





पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन के क्रम में आज दिनांक 06.06.2022 को जनपद महोबा के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी को बैंको की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

जिसके क्रम में जनपद महोबा के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।











प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा जन-सामान्य को मिशनशक्ति, साइबरक्राइम तथा यातायात नियमों के बारे में जानकारी प्रदान कर किया गया जागरूक..।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह द्वारा आज दिनांक 06.06.2022 को थाना चरखारी प्रभारी निरीक्षक उमापति मिश्रा की उपस्थिति में थाना चरखारी अन्तर्गत समस्त बैंको को चेक कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

तत्पश्चात क्षेत्राधिकारी चरखारी द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन-शक्ति अभियान तथा साइबर जागरुकता अभियान के तहत वहां मौजूद आमजनमानस को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के संबंध में, महिला हेल्पडेस्क, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। महिलाओं/बालिकाओ को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे डायल 112, वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन 1076, के बारे में जानकारी दी गयी।

इसी क्रम में, साइबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी मय टीम द्वारा बैंक परिसर में आये हुये जनमानस से संवाद स्थापित कर जागरुक करते हुये बताया गया कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करें, अनजान नंबरों से आई कॉल/ओटीपी वेरिफिकेशन को स्वीकार ना करें, अपना डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड, सीवीवी, एटीएम पिन, नेट बैंकिंग का पासवर्ड शेयर ना करें, इंटरनेट बैंकिंग का पासवर्ड मजबूत व सिक्योर बनानें, सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सावधानी बरतने, अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करने की अपील की गयी व साइबर अपराधों से संबंधित किसी भी क्राइम पर साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 नंबर पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने की अपील की गयी।

इसी क्रम में सड़क सुरक्षा व अतिक्रमण को हटाने एवं UPCOP APP के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन FIR व शिकायत पंजीकृत करने के बारे में बताया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## “पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा की गयी मासिक अपराध गोष्ठी/सैनिक सम्मेलन”

## अपराधों की समीक्षा कर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा जनपद में शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 06.06.2022 को पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी तथा आवश्यक निर्देश दिये गये, गोष्ठी के प्रारम्भ में जनपद के विभिन्न थानों/चौकियों से आये पुलिस कर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन किया गया, जिसमें कर्मचारीगण द्वारा बतायी गयी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये तथा सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।



तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई, अपराध गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

मां0 सीएम हेल्पलाइन/आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये साथ ही शहर में अवैध ऑटो/टैक्सी स्टैण्ड को हटाने तथा यातायात व्यवस्था को..... सुचारू बनाने हेतु फूट पैट्रोलिंग नियमित की जाये व इस दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर अपराध की जानकारी भी ली जाये, महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने तथा गुमशुदा/अपहृता की सर्विलांश के माध्यम से जल्द बरामदगी करने, लम्बित पंचायतनामा/एनसीआर का निस्तारण करने, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की गई, जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, जमीनी विवादों के संबंध में सतर्कता रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए। थानों पर दाखिल विभिन्न अभियोगों से संबंधित माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। साथ ही शेष लम्बित अभियोगों की समीक्षा कर अभियोगों के अनावरण करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त मासिक अपराध गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री तेजबहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, समस्त शाखा प्रभारी आदि अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपदीय यातायात पुलिस को जेके सुपर सीमेंट ग्रुप द्वारा जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु 50 आयरन मूविंग बैरियर प्रदान किये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपदीय यातायात पुलिस बल द्वारा जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को लगातार गतिमान बनाये रखने व इस दौरान पुलिस टीम द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु संदिग्धों का सघन चेकिंग अभियान चलाया जाता है, पुलिस अधीक्षक महोबा की अपील पर नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से चलाये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 06.05.2022 को जनपद महोबा के प्रतिष्ठित व्यापारी श्री संजय कुमार गुप्ता (उमा एंटरप्राइजेज) आल्हा चौक महोबा के द्वारा जेके सुपर सीमेंट कंपनी से 50 मूविंग बैरियर प्राप्त कर क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राम प्रवेश राय और यातायात निरीक्षक श्री अनिरुद्ध कुमार सिंह को प्रदान किए, इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा महोबा पुलिस की तरफ से व्यवसायी श्री संजय कुमार गुप्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया श्री संजय गुप्ता ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में चरखारी एवं कबरई तथा कुलपहाड़ जैसे व्यस्त नगरों की यातायात व्यवस्था हेतु और भी बैरियर उपलब्ध कराए जाएंगे इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री राम जी गुप्ता सहित कंपनी के कार्यकारी अधिकारी श्री शुभम पांडे और अतुल पांडे भी मौजूद रहे।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में शांति एंव कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस बल द्वारा पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।




आज दिनांक **06.06.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में शान्ति एवं कानून-व्यवस्था को बनाए रखने हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **107** ई-चालान किये गये।






महोबा पुलिस